फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

नाथूलाल बनाम सहायक कलक्टर जयपुर प्रथम व अन्य

केस संख्या 22 /2020 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
05.06.2020	दरख्वास्तगुजार ने सहायक कलक्टर जयपुर प्रथम के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 121/2007 ब उनवानी माफी मन्दिर गोपाल जी बनाम सत्यनारायण व अन्य में पीठासीन अधिकारी से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने का अनुरोध किया है। प्रकरण दर्ज रजिस्टर हो। सहायक कलक्टर जयपुर प्रथम से बिन्दुवार टिप्पणी तलब हो। विपक्षीगण के नोटिस रजिस्टर्ड जारी हो। पत्रावली दिनांक 07.04.2020 को पेश हो। जिला कलक्टर जयपुर	जारी 416 6-3-2020
5-11-20	कोविड-19 महामारी के कारण दिनांक 7-4-20 से जनरल तारीख पेशी दिये जाने से पत्रावली आज पेश हुई। वकील प्रार्थी उप० है। विपक्षी 2 व 3 की ओर से वकील श्री नरेन्द्र कुमार यादव ने वकालतनामा पेश किया। उभय पक्ष अधिवक्ता का कथन है कि सहायक कलक्टर जयपुर प्रथम के तत्कालीन पीठासीन अधिकारी श्री प्रवीण कुमार का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। पत्रावली का अवलोकन किया गया। सहायक कलक्टर प्रथम जयपुर के तत्कालीन पीठासीन अधिकारी श्री प्रवीण कुमार का अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से उनके विरुद्ध प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रा० पत्र स्वतः ही प्रभावशून्य हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। जिला कलक्टर जयपुर	